# कार्यालय–जिला विद्यालय निरीक्षक, अम्बेडकरनगर

पत्रांकः 4783-86/2023–24 दिनांक–02-08-2023

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,

समस्त राजकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त / वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, यू0पी0बोर्ड, सी0बी0एस0ई0 बोर्ड, आई0सी0एस0सी0 बोर्ड, अम्बेडकरनगर।

विज्ञान भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद् (एन0सी0ई0आर0टी0) शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार व राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (एन0सी0एस0एम0) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से भावी भारत के लिए डिजिटल उपकरणों के माध्यम से भारत की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा **विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023–24** में मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के सभी बोर्डों के विद्यार्थी आनलाइन माध्यम से **वेबसाइट vvm.org.in** पर पंजीकरण कर सम्मिलित हो सकते हैं। देश भर के पंजीकृत विद्यार्थी प्रथम स्तर / जिले स्तर पर विद्यार्थियों को 29 व 30 अक्टूबर 2023 को सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक (90 मिनट) के मध्यवधि में परीक्षा में आनलाइन माध्यम से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा का परिणाम 10 नवम्बर 2023 को घोषित किया जायेगा। चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय कैम्प में प्रतिभाग करने का अवसर दिया जायेगा। उ0प्र0 के 240 विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय शिविर में सहभागिता का अवसर मिलेगा । राज्य स्तर की प्रतियोगिता में 36 विजेताओं को क्रमशः 5000, 3000 व 2000 की प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति–पत्र के साथ सम्मानित किया जायेगा। राज्य स्तर के उत्कृष्ट 24 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के शिविर में प्रतिभाग का अवसर दिया जायेगा। प्रतिभागी विद्यार्थियों को 90 मिनट में 100 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। अधिकतम् प्रश्न एप्लीकेशन बेस्ड आधारित होंगे। पंजीकरण शुल्क 200/–रूपये निर्धारित किये गये हैं।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023–24 संस्करण के राष्ट्रीय स्तर के शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को विशेष अवसर प्रदान किया जायेगा, जिसमें उन्हें प्रशिक्षण के साथ सहइर्ण्टनशिप (एक से तीन सप्ताह) राष्ट्रीय (हिमालयी) और क्षेत्रीय विजेताओं को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशाला (डी0आर0डी0ओ0, इसरो, सी0एस0आई0आर0 व बी0ए0आर0सी0) जैसे प्रमुख शोध संस्थान में से किसी एक में अवसर दिया जायेगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के चयनित उत्कृष्ट विद्यार्थियों को 2000/–रूपये प्रतिमाह की भाष्कर छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। एक वर्ष के लिए राष्ट्रीय विजेताओं को एक विशिष्ट परियोजना / गतिविधि सौंपी जायेगी, जिनका मूल्यांकन समय–समय पर किया जायेगा।

अतः आप अपने विद्यालय के कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों का पंजीकरण उक्त वेबसाइट पर दिनांक 15 सितम्बर 2023 तक पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। अधिकारी जानकारी हेतु जिला समन्वयक श्री नीरज यादव (7844058058) व एकेडमिक समन्वयक डॉ0 देवेन्द्र प्रताप मिश्र (8127963298) से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक
अम्बेडकरनगर।

पृ0सं0 व दिनांक–उक्तवत्।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अम्बेडकरनगर।
2–राज्य आयोजन सचिव, विद्यार्थी विज्ञान मंथन, विज्ञान भारती उ0प्र0।
3–जिला समन्वयक, श्री नीरज यादव विद्यार्थी विज्ञान मंथन, विज्ञान भारती, अम्बेडकरनगर

जिला विद्यालय निरीक्षक
अम्बेडकरनगर।

Scanned with CamScanner